जनपद शामली पुलिस

--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेसविज्ञप्ति दिनांकः- 05.11.2020

थाना कोतवाली शामली

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मे वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार ।

आज दिनांक 05.11.2020 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन/ व्यक्ति की चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित चल रहा अभियुक्त को चेकिंग के दौरान सूचना पर हसनपुर से गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । जिसके संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

ज्ञात हो कि दिनांक 28.08.2020 को श्री अमरपाल पुत्र राजपाल निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली शामली द्वारा दिनांक 24.08.2020 की सुबह ग्राम हसनपुर में दो बच्चों में खेलने को लेकर हुए विवाद के बढने के कारण दूसरे पक्ष द्वारा उसके परिवार पर जान से मारने की नीयत से फायर किये जाने के सम्बन्ध में तहरीर दाखिल की गयी थी । जिसके आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. संजय पुत्र श्रीनिवास निवासी ग्राम हसनपुर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री विजय त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।
2. उ0नि0 श्री अनार सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।
3. हे0का0 जोगिन्द्र सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।
4. का0 कौशिन्द्र थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।